आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 02.09.2025 समय : 01:00 पी.एम.

000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि दुनिया भारत पर भरोसा करती है और भारत के साथ सेमीकंडक्टर का भविष्य बनाने के लिए तैयार है। आज नई दिल्ली के यशोभूमि में सेमीकंडक्टर इंडिया 2025 का उद्घाटन करते हुए, श्री मोदी ने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब भारत की सबसे छोटी चिप दुनिया में सबसे बड़ा बदलाव लाएगी। उन्होंने कहा कि तेल ने पिछली सदी को आकार दिया, लेकिन 21वीं सदी में, शक्ति इन छोटी चिप्स में समायी है। उन्होंने कहा कि इनमें वैश्विक प्रगति को गति देने की क्षमता है।

.....

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश में पांच सेमीकंडक्टर इकाइयों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने प्रधानमंत्री को पहली मेड इन इंडिया चिप भी भेंट की। उन्होंने कहा कि ऐसी दो और विनिर्माण इकाइयाँ कुछ महीनों में उत्पादन शुरू कर देंगी। गौरतलब है कि भारत के सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र को गति देने के उद्देश्य से आयोजित तीन दिवसीय सम्मेलन देश में एक मजबूत, लचीले और टिकाऊ सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र को आगे बढ़ाने पर केंद्रित है।

0000

प्रदेश में बीते 24 घंटों में पूर्वी राजस्थान में ज्यादातर स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात दर्ज की गयी। इन इलाकों में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार दौसा में बहुत भारी बारिश रिकॉर्ड हुई। वहां 18 सेंटीमीटर पानी बरसा। इसके अलावा झालावाड़, नागौर, जयपुर, करौली, भीलवाड़ा और भरतपुर जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बरसात हुई। यहां 10 सेंटीमीटर तक बारिश दर्ज की गयी। राज्य के पश्चिमी हिस्सों में भी कहीं–कहीं भारी बरसात हुई। नागौर के परबतसर में 9, हनुमानगढ़ के नोहर और चूरू के सादुलपुर में 5–5 सेंटीमीटर पानी बरसा। इस बीच आज भी कई स्थानों पर बरसात का सिलसिला जारी है। सवाईमाधोपुर में रिमझिम बरसात हुई। राजधानी जयपुर और अजमेर में कल रात से शुरू हुआ बरसात का दौर आज भी रूक–रूक कर जारी है। मौसम विभाग ने आज जयपुर, दौसा, करौली, धौलपुर, टोंक, भरतपुर, सीकर, अलवर, नागौर, बारां, बीकानेर, जैसलमेर, सवाईमाधोपुर, कोटा, झालावाड, बूंदी, चूरू, अजमेर और जोधपुर जिले तथा आसपास के क्षेत्रों के लिए हल्की से मध्यम बरसात की संभावना व्यक्त की है। विभाग के अनुसार प्रदेश के दक्षिण–पूर्वी भागों में कल से भारी बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने की संभावना है। इस दौरान कोटा, उदयपुर, अजमेर और भरतपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है।

0000

प्रदेश में इस बार अच्छी बरसात से कई नदियों में पानी की आवक हुई है। इन्हीं में से एक अजमेर की रूपा नदी है। इस नदी में लगभग 50 साल बाद पानी आया है। इससे पूरे इलाके में खुशी की लहर है। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कल मानपुरा गांव में ग्रामीणों के साथ नदी की पूजा–अर्चना की। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 50 साल बाद नदी को भरा हुआ देखना आनंद और आस्था का विषय है। इससे जल संरक्षण और प्रकृति के साथ संतुलन के महत्व का संदेश मिलता है। गौरतलब है कि यह नदी मानपुरा, सलेमाबाद और रूपनगढ़ होते हुए सांभर झील में मिल जाती है। पूरे क्षेत्र में नदी के बहाव को लेकर उत्सव जैसा वातावरण रहा।

0000

प्रदेश के सरकारी और अनुदानित छात्रावासों तथा आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए आवेदन की आखिरी तारीख 15 सितम्बर तक बढ़ा दी गई है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के निदेशक आशीष मोदी ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन के जरिए वर्ष 2025–26 के लिए स्कूल और कॉलेज स्तर पर स्वीकृत नए छात्रावासों में भी प्रवेश मिल सकेगा।

0000

प्रदेशभर में आज रामदेव जयंती और तेजा दशमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। जगह–जगह जातरू तेजाजी और बाबा रामदेव के दर्शन कर ज्योत ले रहे है। घरों में विभिन्न पकवानों का भोग लगाया जा रहा है। जैसलमेर के रामदेवरा में बाबा रामदेव के दर्शन के लिए बडी संख्या में श्रद्धालु पंहुच रहे है। उधर नागौर में तेजाजी की जन्मस्थली खरनाल में विभिन्न धार्मिक आयोजन हो रहे है।

0000